प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 09.01.2025
समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वे प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि प्रवासी भारतीय समुदाय भारत के राष्ट्रदूत है। भारतीय मूल के लोगों ने विश्वभर में अपने कार्यों से देश का गौरव बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रवासी भारतीयों की बदौलत देश की संस्कृति दुनियाभर में पंहुच रही है।

प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन के माध्यम से प्रवासी भारतीय देशभर के पर्यटन और तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। श्री मोदी ने विश्वरूप राम : रामायण की सार्वभौमिक धरोहर, प्रवासी भारतीयों का प्रौद्योगिकी में योगदान तथा भारत भारतीय प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। गौरतलब है कि तीन दिन का प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन कल से शुरू हुआ था। इस सम्मेलन का विषय है–विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान।

उदयपुर में महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से कल से चिंतन शिविर आयोजित किया जायेगा। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस शिविर में शिरकत करेगी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित सभी राज्यों के महिला और बाल विकास विभाग के मंत्री, सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि इस दौरान महिलाओं और बाल विकास मंत्रालय द्वारा बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा राज्यों की ओर से किये गये नवाचारों तथा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन संबंधी सुझावों पर भी विचार विमर्श होगा।

आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग ने प्रदेश में लू–तापघात को "राज्य विशेष प्राकृतिक आपदा" की श्रेणी में अधिसूचित किया गया है। लू और तापघात के कारण होने वाली जनहानि और नुकसान से प्रभावित व्यक्तियों और परिवारों को भारत सरकार के राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के मानदंडों के अनुसार राहत दी जाएगी।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का उद्घाटन करेंगे। ये उत्सव 19 जनवरी तक चलेगा। जिला उद्योग और वाणिज्य केन्द्र, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान तथा लघु उद्योग भारती की ओर से आयोजित होने वाले इस उत्सव में लगभग 714 स्टॉल्स लगाई गई है, जहां विभिन्न हस्तशिल्पी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। उत्सव के दौरान कई संगोष्ठियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। रक्तदान शिविर भी लगाया जायेगा।

पाली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधि महाविद्यालय में रील, लघु विडियों और फिल्म बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में ''कनेक्टिंग विथ द कॉज'' शीर्षक के तहत बनाई गई फिल्मे आमंत्रित की गई है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय विधिक सेवा की योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए रचनात्मकता और नवाचार के साथ कानूनी जागरूकता बढ़ाना है।

प्रदेश में आने वाले दिनों में तेज सर्दी का असर बरकरार रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल और परसो भरतपुर, जयपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है। आज भी ज्यादातर इलाको में गलन और ठिठुरन का प्रभाव है। मौसम विभाग द्वारा आज सुबह साढे 8 बजे जारी किये गये आंकडो के अनुसार 20 शहरों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से नीचे बना हुआ है। बीती रात सबसे कम 3 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड किया गया। सीकर में 4, करौली में 4 दशमलव 2, जालोर और संगरिया में 4 दशमलव 3, सिरोही में 4 दशमलव 4, दौसा में 4 दशमलव 7,

माउंटआबू, पिलानी और चित्तौडगढ में 5 दशमलव 2, धौलपुर में 6 दशमलव 5, डिग्री सैल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं राजधानी जयपुर में पारा 7 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस पर दर्ज हुआ।